दिनांक : 15.03.2024 समय :07.10 pm

आकाशवाणी भोपाल

मुख्य समाचार :–

- भारत निर्वाचन आयोग कल लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की करेगा घोषणा।
- शासकीय सेवकों का मंहगाई भत्ता चार प्रतिशत बढ़ाकर 46 प्रतिशत किया गया। एक जुलाई 2023 से मिलेगा एरियर।
- उपभोक्ता की सुविधा के लिए राज्य स्तर पर होगा टोलफ्री नंबर, विश्व उपभोक्ता दिवस पर सरकार की घोषणा।
- प्रदेश की छह धरोहरों को यूनेस्को ने विश्व हेरीटेज की अस्थायी सूची में किया शामिल।

अब समाचार विस्तार सेः–

## निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव

निर्वाचन आयोग कल लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में कल दोपहर चुनाव तिथियों की घोषणा की जाएगी। लोकसभा चुनाव के साथ कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम भी घोषित किया जाएगा।

वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल इस वर्ष 16 जून को समाप्त हो रहा है। वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 10 मार्च को की गई थी और चुनाव अप्रैल और मई में सात चरणों में संपन्न हुए थे

इससे पहले नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों - ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने आज कार्यभार संभाल लिया है। निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दोनों नए चुनाव आयुक्तों का स्वागत किया।

## मंहगाई भत्ता

राज्य शासन ने शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की वृद्धि करने के आदेश जारी कर दिये हैं। आदेश के बाद महंगाई भत्ता बढ़कर 46 प्रतिशत हो गया है। इसे एक जुलाई 2023 से लागू किया गया है। वृद्धि का लाभ मार्च 2024 से मिलेगा। साथ ही एक जुलाई 2023 से 29 फरवरी 2024 तक की एरियर राशि का भुगतान 3 समान किश्तों में माह जुलाई, अगस्त, सिंतबर 2024 में दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शासकीय सेवकों को महंगाई भत्ते की दर में वृद्धि पर बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में महंगाई भत्ते यथासमय वृद्धि की जाएगी। अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ ही राज्य शासन के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी को महंगाई भत्ते में

वृद्धि की राशि पात्रतानुसार समय पर देने का कार्य किया जाएगा। कर्मचारी संगठनों के कुछ पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंट कर कर्मचारी हितैषी निर्णय के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

गोलघर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित स्मारक गोलघर को आज आमजन को समर्पित किया। पर्यटन विभाग ने इसे बहुउद्देशीय कला केन्द्र के रूप में विकसित किया है। इस अवसर पर डॉ. यादव ने कहा कि प्राचीन ज्ञान-विज्ञान के केन्द्र आज भी उपयोगी हो सकते हैं। अतीत की धरोहर गोलघर को वर्तमान से जोड़ने की पहल सराहनीय है। भोपाल में गोलघर का मूल नाम गुलशन-ए-आलम था, जिसे 19वीं सदी में नवाब शाहजहां बेगम ने बनवाया था। गोलाकार स्वरूप के कारण इसे गोलघर के नाम से जाना जाता है। मुख्यमंत्री ने नवसज्जित दीर्घाओं का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीआर हेडसेट द्वारा हिस्ट्री ऑफ भोपाल की झलक भी देखी। गोलघर स्मारक की वीथिकाओं में आर्ट एंड क्राफ्ट सेंटर विकसित किया गया। गोलघर परिसर में विभिन्न सुविधाओं के लिए लगभग चार करोड़ की राशि व्यय की गई है।

वित्त आयोग

केंद्र सरकार द्वारा 15वें वित्त आयोग अंतर्गत प्रदेश को 177 करोड़ का अतिरिक्त आवंटन हुआ है। इससे सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों मे के 1 हज़ार 770 भवनविहीन उप स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण में गति आएगी। इस तरह भवनविहीन उपस्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण के लिए कुल 1 हज़ार 150 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी है। प्रदेश सरकार को प्रति इकाई निर्माण के लिए 10 लाख रुपये की वृद्धि करते हुए 65 लाख रुपये दिए जाएगे। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने प्रदेश में लागू लोक निर्माण विभाग की दर अनुसूची के पुनरीक्षित होने एवं जी.एस.टी. की दरों में 12 से 18 प्रतिशत की वृद्धि होने के कारण प्रति इकाई लागत में वृद्धि करने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया से इस बारे में अनुरोध किया था। इसके अतिरिक्त 146 करोड़ 28 लाख रुपये की लागत से प्रदेश में 92 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृति दी गयी है।

उपभोक्ता दिवस

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिये राज्य स्तर पर एक टोल फ्री नंबर जारी किया जायेगा। इस नंबर पर उपभोक्ता घर बैठे शिकायत दर्ज करा सकेंगे। इनकी शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही की जायेगी। मंत्री श्री राजपूत विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 48 जिला मुख्यालयों में उपभोक्ता आयोग गठित हैं। जल्द ही अलीराजपुर, सिंगरौली, आगर-मालवा तथा निवाड़ी जिले में भी उपभोक्ता आयोग का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फरवरी 2024 तक राज्य आयोग में 63 हजार 886 प्रकरण दर्ज हुए हैं, जिसमें से 56 हजार 738 का निराकरण किया जा चुका है। मंत्री श्री राजपूत ने इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। उन्होंने राज्य स्तरीय उपभोक्ता संरक्षण पुरस्कार श्रेणी में अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन कटनी को एक लाख 11 हजार का प्रथम पुरस्कार प्रदान किया। आगरमालवा स्थित कृषि उपज मंडी प्रांगण में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यूनेस्को विश्व हेरिटेज

प्रदेश की अद्भुत एवं सांस्कृतिक धरोहर अब विश्व धरोहर के रूप में प्रतिष्ठित होने जा रही है। यूनेस्को के विश्व हेरिटेज सेंटर द्वारा भारत की अस्थायी सूची में मध्यप्रदेश की छह धरोहरों को सम्मिलित किया गया है। इनमें ग्वालियर का किला, धमनार का ऐतिहासिक समूह, भोजपुर का भोजेश्वर महादेव मंदिर, चंबल घाटी के रॉक कला स्थल, बुरहानपुर का खूनी भंडारा और रामनगर, मंडला का गोंड स्मारक शामिल हैं। इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यूनेस्को के विश्व हेरिटेज सेंटर द्वारा प्रदेश की 6 संपतियों का जोड़ा जाना हमारे लिए गर्व और सम्मान का विषय है।

बाग सेवनिया आग

भोपाल के बागसेवनिया इलाके में आज सुबह एक टेंट हाउस गोदाम में भीषण आग लग गई। इससे गोदाम में रखे चार सिलेंडरों में ब्लास्ट हो गया।

टेंट हाउस के गोदाम में जहां आग लगी, उसके आसपास घनी बस्ती है। आग की लपटों को देखकर लोगों ने इसकी सूचना फायर कंट्रोल रूम को दी गई। जिसके बाद मौके पर करीब दस से ज्यादा दमकलों को भेजा गया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद इस आग पर काबू पा लिया गया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- गुना-शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बनाए गए ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी क्रम में आज ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शिवपुरी में कार्यकर्ताओं की बैठक ली।
- नर्मदापुरम जिले में लोकसभा चुनाव 2024 में अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए कैंपस एंबेसडर बनाए गए हैं। कैंपस एम्बेसडर घर-घर जाकर और कम मतदान वाले मतदान केंद्रों के आसपास के क्षेत्र में लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे।
- राजगढ़ में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत पशुओं के आहर के रूप में उपयोग में लाने वाले समस्त प्रकार के चारे, घास, भूसा एवं पशुओं के द्वारा खाये जाने वाले अन्य किस्म के चारे पर जिले की राजस्व सीमा के बाहर निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है।

---------------------